The Borrowers/Co-borrowers/Mortgagors/Guarantors attention are invited to the provisions of sub-section (8) of section 13 of the said Act, in respect of time available to redeem the available secured assets.

| S. No. | Loan Account Number (Lan)/ Borrowers/ Co-Borrowers/ Guarantors | 1) Date Of Demand Notice 2) Date Of Symbolic Possession 3) Claim Amount As Per Demand Notice | Description Of Immovable Property (Together With Buildings And Structures Constructed, To Be Constructed Thereon Along With Fixtures And Fittings Attached To The Earth And Anything Attached To The Earth.) |
|---|---|---|---|
| 1. | HLR0000000014143<br>Mr. Makhan Parmar C/o Mr. Badrilal Parmar (Borrower)<br>Mrs. Daali Bai Parmar W/o Mr. Makhan Parmar (Co-Borrower)<br>Mr. Ramcharn Parmar S/o Mr. Ambaram Parmar (Guarantor-1)<br>Mr. Bheru Parmar S/o Mr. Jagannath Parmar (Guarantor-2) | 1. Date Of Demand Notice- January 03, 2026<br>2. Date Of Symbolic Possession- April 28, 2026<br>3. Claim Amount As Per Demand Notice- ₹ 2,22,220/- In Rupees Two Lakhs Twenty – Two Thousand Two Hundred And Twenty Only As On January 01, 2026 Plus Future Interest, Incidental Expenses, Cost, Charges, Etc. W.e.f. January 02, 2026. | All That Piece And Parcel Of Land Owned By:- In The Name Mr. Makhan Parmar C/o Mr. Badrilal Parmar Having Residential Plot/house Property No.–151, Patwar Halka No.–24, Ward No.–10, Abadi Survey No.–231, Gram-Lasurdiya Chhatradhar, Tehsil- Dewas, District–Dewas (Madhya Pradesh) Having Land Area Of 1400.00 Sq. Ft. Surrounded By:- East–House Of Radheshyam, West– House Of Satish Parmar, North - Road, South – Land Of Devi Singh Patel |

PLACE:- Madhya Pradesh
DATE:- 02-05-2026

**SD/-**
**Authorized Officer, SRG Housing Finance Limited**

**न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (डॉ. रिंकेश कुमार वैश्य)**
**जिला इन्दौर (म.प्र)**
**(प्रशासनिक संकुल कक्ष क्रमांक –जी 11)**

क्रमांक /108/अकरी/2026 **पेपर विज्ञप्ति** इन्दौर, दिनांक 24.04.2026
प्रकरण क्र./0001/ब–121/2026–27

प्रति,
1. सचिन दवे पिता श्री नवनीत दवे
पता 1 : पी–1, बडोनिया पेलेस, 94–95 सुदामा नगर, लैंडमार्क बडोनिया पेलेस सुदामा नगर, इंदौर म.प्र.452009
पता 2 : व्यासायिक दुकान न. 7, ब्लॉक–ए, सिल्वर लाइफ स्पेन, अनि एन्क्लेव, सिल्वर स्प्रिंग टाउनशिप, फेज– II, ए. बी. रोड बाईपास, इंदौर मध्य प्रदेश –452001
2. कीर्ति दवे पति श्री सचिन दवे
पता : पी–1, बडोनिया पेलेस, 94–95 सुदामा नगर, लैंडमार्क बडोनिया पेलेस सुदामा नगर, इंदौर मध्य प्रदेश 452009
द्वारा :– पेपर प्रकाशन।

प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लि. (इससे पहले मैग्मा हाउसिंचग फाइनेंस लि.), रजिस्टर्ड कार्यालय : –6th फ्लोर बी–बिल्डिंग, गंगा टूनो, लोहेगाँव, पुणे, महाराष्ट्र 411014 कार्यालय : धन ट्राईडेंट, मंगल सिटी सर्विस रोड, स्कीम नो. 54, विजय नगर, इंदौर म.प्र. 452010 द्वारा आवेदन कर निवेदन किया गया हैं कि **बंधक संपत्ति** व्यासायिक दुकान न. ए–7, प्रथम तल, ब्लॉक–ए, सिल्वर लाइफ स्पेन, टाउनशिप, फेज– II, ए. बी. रोड बाईपास, इंदौर मध्य प्रदेश –452001 पर बकाया ऋण राशि का चुकारा आपके द्वारा नहीं किया गया और न ही प्रतिभूमि संपत्ति का कब्जा ही सौंपा गया हैं। अत : वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूतहित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 14 में प्रतिभूमि के रूप में रखी संपत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अत : इस संबंध में एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर जिला इंदौर कक्ष क्रमांक जी– 11 में दिनांक 06/05/2026 को दोपहर 03 :00 बजे होगी। आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला इन्दौर (म.प्र.)

**न्यायालय अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (डॉ. रिंकेश कुमार वैश्य)**
**जिला इन्दौर (म.प्र)**
**(प्रशासनिक संकुल कक्ष क्रमांक –जी 11)**

क्रमांक /104/अकरी/2026 **पेपर विज्ञप्ति** इन्दौर, दिनांक 24.04.2026
प्रकरण क्र./0005/ब–121/2026–27

प्रति,
1. अजय मुंडेल पिता बी राजेश
पता 1 : 466 खंडवा रोड बाजार चौक, दतोदा, लैंडमार्क बाजार चौक, मध्यप्रदेश–452020
पता 2 : ग्राम दतोदा स्थित मकान नं. 446, तहसील डॉ अम्बेडकर नगर महू जिला इंदौर म.प्र. 452020
2. विजय मुंडेल पिता श्री राजेश मुंडेल
पता : 466 खंडवा रोड बाजार चौक, दतोदा, मह, लैंडमार्क इंदौर, इंदौर, मध्य प्रदेश –452020
3. पिंटू नारायण पिता श्री नारायण
पता : 466 दतोदा, महू, लैंडमार्क इंदौर, इंदौर, मध्य प्रदेश –452020
4. मंजू बाई राजेश पति श्री राजेश
पता : 466 खंडवा रोड बाजार चौक, दतोदा, लैंडमार्क इंदौर, इंदौर, मध्य प्रदेश –452020
द्वारा :– पेपर प्रकाशन।

प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड, पूर्व में पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लि. (इससे पहले मैग्मा हाउसिंचग फाइनेंस लि.), रजिस्टर्ड कार्यालय :–6th फ्लोर बी–बिल्डिंग, गंगा टूनो, लोहेगाँव, पुणे, महाराष्ट्र 411014, कार्यालय :– धन ट्राईडेंट, मंगल सिटी सर्विस रोड, स्कीम नं. 54, विजय नगर, इंदौर म.प्र. 452010 द्वारा आवेदन कर निवेदन किया गया है कि **बंधक संपत्ति** ग्राम दतोदा स्थित मकान नं. 446, तहसील डॉ अम्बेडकर नगर महू जिला इंदौर म.प्र. 452020 पर बकाया ऋण राशि का चुकारा आपके द्वारा नहीं किया गया और न ही प्रतिभूमि संपत्ति का कब्जा ही सौंपा गया है। अत : वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूतहित प्रवर्तन अधिनियम की धारा 14 में प्रतिभूमि के रूप में रखी संपत्ति का कब्जा दिलाया जावे।

अत : इस संबंध में एतद् द्वारा सूचित किया जाता हैं कि मामले की सुनवाई हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर जिला इंदौर कक्ष क्रमांक जी– 11 में दिनांक 06/05/2026 को दोपहर 03 :00 बजे होगी। आप प्रकरण के संबंध में समस्त दस्तावेज व साक्ष्य सहित उपस्थित रहें। आपकी अनुपस्थिति की दशा में प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी
जिला इन्दौर (म.प्र.)

# एक नजर

## दिग्विजय सिंह ने की सीएम डॉ.मोहन यादव से मुलाकात

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने शुक्रवार को सीएम मोहन यादव से उनके बंगले पर जाकर मुलाकात की। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और सीएम डॉ. मोहन यादव की मुलाकात की दिलचस्प सियासी तस्वीर सोशल मीडिया पर सामने आई हैं। बता दें राजधानी भोपाल में सियासत की एक खूबसूरत तस्वीर देखने को मिली। जहां कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मुख्यमंत्री आवास जाकर सीएम मोहन यादव से मुलाकात की। इस मुलाकात की चर्चा सियासी हलको में शुरू हो गई है। समत्व भवन में भेंट के दौरान प्रदेश में जारी गेहूँ उपार्जन के संबंध में भी चर्चा की गई। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने उन्हें बताया कि गेहूँ उपार्जन के लिए अब तक 80 लाख मैट्रिक टन से अधिक गेहूँ उपार्जन के लिए स्लॉट बुक हो चुके हैं। स्लॉट बुकिंग का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। प्रदेश के किसानों से गेहूँ उपार्जन के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। किसानों की सुविधा के लिए सभी संभव व्यवस्थाएं की गई हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने बताया कि वे स्वयं भी उपार्जन प्रक्रिया पर लगातार निगरानी बनाए हुए हैं।

## बुद्ध पूर्णिमा पर सीएम ने दीं मंगलकामनाएं

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुद्ध पूर्णिमा की मंगलकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि भगवान गौतम बुद्ध का जीवन आत्मानुशासन, सहिष्णुता और करुणा का संदेश देता है। सांची स्तूप उनकी शिक्षाओं की विरासत का प्रतीक है, जो विश्व को शांति और सह अस्तित्व की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशवासियों से भगवान बुद्ध के आदर्शों को आत्मसात कर सद्भाव और समरसता के प्रयासों में सहभागी बनने का आह्वान किया है।

**श्रमिक दिवस पर दीं शुभकामनाएं**-मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस पर सभी श्रमिक भाई-बहनों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि श्रमिकों का परिश्रम प्रदेश के विकास की मजबूत नींव है। सशक्त श्रमिक ही समृद्ध मध्यप्रदेश का आधार हैं। श्रमिकों के सम्मान, सुरक्षा और कल्याण के लिए राज्य सरकार हर कदम पर श्रमिकों के साथ है।

## महिला कांग्रेस ने की राज्यपाल से भाजपा विधायक की शिकायत

भोपाल,(निप्र)। आलोट से भाजपा विधायक डॉ. चिंतामणि मालवीय पर लगे आरोपों को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। महिला कांग्रेस ने राज्यपाल मंगुभाई पटेल से शिकायत कर जांच की मांग की है, जबकि विधायक ने आरोपों को झूठा बताकर मानहानि केस की चेतावनी दी है। मध्यप्रदेश की राजनीति में एक बार फिर आरोप-प्रत्यारोप का दौर तेज हो गया है। आलोट विधानसभा सीट से भाजपा विधायक डॉ. चिंतामणि मालवीय पर एक महिला द्वारा शोषण, उत्पीड़न और भ्रष्टाचार से जुड़े गंभीर आरोप लगाए गए हैं। मामले को लेकर मध्यप्रदेश महिला कांग्रेस ने सीधे राज्यपाल मंगुभाई पटेल से हस्तक्षेप की मांग की है। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बोरासी सेतिया के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल में राज्यपाल से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल का कहना है कि पीड़ित महिला ने अपने आरोपों से जुड़े दस्तावेज और साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं। जिसके आधार पर निष्पक्ष जांच और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि एक अन्य वृद्ध महिला के घर पर भी विधायक ने कब्जा किया है। महिला कांग्रेस ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित विधायक के खिलाफ पहले से गंभीर प्रकृति के मामले दर्ज हैं। प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई करने और उनकी विधायकी समाप्त करने की मांग की।

### मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने दिए क्रूज हादसे की जांच के आदेश,कहा

# रेस्क्यू में अच्छा काम करने वाले होंगे सम्मानित



भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जबलपुर क्रूज हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। जांच के आदेश दिए गए हैं, रिपोर्ट का इंतजार करेंगे। इस घटना से निश्चित तौर पर मन दुखी होता है।

सीएम ने इस दर्दनाक दुर्घटना के बारे में कहा कि ऐसे क्रूज में सफर के दौरान लाइफ जैकेट पहनना चाहिए। जिन लोगों ने जैकेट पहनी भी थी वो आधी-अधूरी थी लेकिन ये बातें जांच में सामने आएंगी। इस बारे में मैं अभी कुछ नहीं कहूंगा। पर्यटन विभाग इसकी जांच करेगा और भविष्य में ऐसी घटना ना हो इसका प्रयास करेंगे। मेरी परिवारो के साथ शोक-संवेदना है। इस हादसे पर सीएम ने दुख और संवेदना जताई है। सीएम ने कहा कि जांच के आदेश दिए गए हैं। रिपोर्ट का इंतजार करेंगे। मृतकों के परिजनों के लिए मुख्यमंत्री ने 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का ऐलान किया है।

बरगी क्रूज हादसे पर प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्त की संवेदनाएं-

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जबलपुर जिले के बरगी में नर्मदा नदी पर क्रूज पलटने की दुखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इस हादसे को अत्यंत पीड़ादायक बताते हुए मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर इस दुखद घटना में अपने प्रियजनों को खोने वालों के प्रति शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन प्रभावितों की हर संभव सहायता में जुटा हुआ है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से राहत राशि की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि हादसे में प्रत्येक मृतक के परिजन को 2-2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। वहीं घायल लोगों को 50-50 हजार रुपये आर्थिक सहायता दी जाएगी।




# लोकभवन में एक भारत-श्रेष्ठ भारत'कार्यक्रम

## सीएम डॉ.मोहन यादव हुए कार्यक्रम में शामिल

**भोपाल,(निप्र)। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि 1 मई, देश के दो अत्यंत समृद्ध-सशक्त राज्य गुजरात और महाराष्ट्र के प्रशासनिक गठन के स्मरण का दिवस है। उनकी विकास की अद्भुत यात्राओं का अभिनंदन पर्व है। उन्होंने कहा कि भारत की भौगोलिक और सांस्कृतिक विविधताएँ ही हमारी सबसे बड़ी शक्ति हैं। जिनके बीच की एकता ही सशक्त, समृद्ध एवं आत्मनिर्भर भारत का आधार है। महाराष्ट्र की औद्योगिक क्षमता और वित्तीय नेतृत्व के साथ गुजरात की उद्यमशीलता, व्यापारिक दक्षता, समुद्री विकास और नवकरणीय ऊर्जा विकसित भारत की मजबूत आधारशिला है।**

राज्यपाल पटेल शुक्रवार को गुजरात और महाराष्ट्र राज्य के स्थापना दिवस के संयुक्त समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने दोनों राज्यों के निवासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं दी। समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी मौजूद रहे। लोकभवन के सांदीपनि सभागार में एक भारत-श्रेष्ठ भारत संकल्पना के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। राज्यपाल श्री पटेल ने नागरिकों, विशेषकर युवाओं से आहवान किया कि वे हमारी विविधता की अतुलनीय ताकत को पहचानें। एकमत और एकजुट होकर विकसित भारत @2047 के लिए कार्य करें। उन्होंने इस अवसर पर एक भारत श्रेष्ठ भारत के संकल्प को साकार करने में सक्रिय सहभागिता और राष्ट्र के नव निर्माण में सर्वोत्तम योगदान का संकल्प भी दिलाया।

## पवित्र सोनागिर मंदिर प्रबंधन ने किया डॉ.मिश्रा का सम्मान

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री डॉ.नरोत्तम मिश्रा का शुक्रवार को भोपाल स्थित उनके निवास पर सम्मानित किया गया। दतिया स्थित पावन दिगंबर जैन सिद्धक्षेत्र सोनागिर से पहुंचे मंदिर प्रबंधन के सदस्यों ने भोपाल स्थित निवास पर पूर्व गृह मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा का आत्मीय अभिनंदन किया। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि यह स्नेह और विश्वास उनके लिए प्रेरणादायक है। उल्लेखनीय है कि 5 अप्रैल को सोनागिर जैन तीर्थ में चोरी की घटना हुई थी। जिसमें चोर



पूज्य चांदी की मूर्ति सहित अन्य मूल्यवान सामग्री चुरा ले गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही डॉ. मिश्रा ने पुलिस अधिकारियों से चर्चा कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस की सक्रियता के चलते जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और चोरी गया समस्त सामान सुरक्षित बरामद कर लिया गया। इस पूरी कार्रवाई को जनविश्वास और कर्तव्यनिष्ठा का मजबूत उदाहरण माना जा रहा है।

## 3 जून से 9वीं,11वीं की द्वितीय परीक्षा

**भोपाल,(निप्र)।** प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग, लोक शिक्षण संचालनालय ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं एवं 11वीं की द्वितीय परीक्षा की समय-सारणी जारी कर दी है। कक्षा 9 वीं की परीक्षा 3 जून से शुरू होगी और 12 जून तक चलेगी, जबकि कक्षा 11वीं की द्वितीय परीक्षा भी 3 जून से शुरू होगी और 13 जून को समाप्त होगी। परीक्षा को लेकर संचालनालय द्वारा दिशा निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। वार्षिक परीक्षा में एक या एक से अधिक विषयों में अनुपस्थित अनुत्तीर्ण विद्यार्थी द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे।

### दिग्विजय सिंह का जीतू पटवारी पर तंज

# एआईसीसी में जो आपकी पकड़ है उतनी हमारी नहीं

## चेले गुड़ रह गए गुरु शकर हो गए




भोपाल,(निप्र)। पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मंच से कहा जीतू भाई अपॉइन्ट कर दो, केसी वेणुगोपाल से तो जो कहोगे लिखवाके ले आओगे आप, हमको भरोसा है आप पर, जितने फ्री आप केसी वेणुगोपाल से हो, उतना देश में कोई प्रदेशाध्यक्ष नहीं मिलेगा।

मध्यप्रदेश कांग्रेस में पदाधिकारियों की नियुक्तियों में वरिष्ठों की अनदेखी पर नाराजगी का एक वीडियो सामने आया है। जिसमें पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह ने पीसीसी चीफ जीतू पटवारी पर तंज कसा। वीडियो में पूर्व राज्यसभा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह मंच से कहते नजर आ रहे हैं कि जीतू भाई अपॉइन्ट कर दो, केसी वेणुगोपाल से तो जो कहोगे लिखवाके ले आओगे आप, हमको भरोसा है आप पर, जितने फ्री आप केसी वेणुगोपाल से हो, उतना देश में कोई प्रदेशाध्यक्ष नहीं मिलेगा। दिग्विजय सिंह ने आगे कहा कि आपका कहा कोई टालता है क्या? यहां राजेंद्र गौतम जी बैठै हैं। कभी इन्होंने आपकी बात टाली है क्या? आपकी जो पकड़ है एआईसीसी में हम लोगों की थोड़ी न है। अभी प्रदेश में बहुत सारे पदाधिकारी हैं।

**जीतू पटवारी बोले- मैं चेला हूं आपका, आप गुरु**

जीतू पटवारी मंच से जवाब में दिग्विजय सिंह को गुरु बातते हुए बोले कि आपने कहा मैं चेला हूं आपका। इस पर दिग्विजयसिंह ने कहा कि आप गुड़ रह गए हम शकर हो गए।

## कैबिनेट मंत्री विजय शाह ने किया कार्यकर्ताओं से संवाद

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश की मोहन सरकार में कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह ने शुक्रवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया। इस दौरान पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. प्रभुराम चौधरी उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री कुंवर विजय शाह ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका। उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।





## ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकराकर बाइक सवार की मौत

### शादी समारोह के लिए पूजा का सामान लेने गया था

**विदिशा,(निप्र)।** जिले के दयानंदपुर में एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौके पर मौत हो गई। मृतक शादी समारोह में शामिल होने आया था और पूजन सामग्री लेने गया था। जानकारी के अनुसार, 38 वर्षीय राजा बाबू राजपूत ग्राम खमतला में शादी समारोह में आए थे। वे पूजन का सामान लेने खामखेड़ा गए थे। लौटते समय दयानंदपुर के पास वेयरहाउस के सामने सड़क किनारे खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली से उनकी बाइक टकरा गई।

हादसे के बाद परिजन उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। परिजनों के मुताबिक, परिवार में शादी का कार्यक्रम चल रहा था। राजा बाबू पूजन सामग्री लेने गए थे, लेकिन हादसे ने खुशियों को मातम में बदल दिया।

# बीजेपी एक्टिव कार्यकर्ताओं को बनाएगी पावरफुल नेता

### प्रभारी मंत्री बनाएंगे एक्टिव कार्यकर्ताओं की लिस्ट

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश में बीजेपी अपने इलाकों में उन एक्टिव कार्यकर्ताओं को पावरफुल नेता बनाने जा रही हैं, जो पंचायत से जिला स्तर पर सरकारी विभागों की जिम्मेदारियों निभाने की काबिलियत रखते हैं।

आगामी पंचायत, नगरीय निकाय और विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी उनकी अध्यक्ष और सदस्यों के पद पर नियुक्तियां करेंगी। प्रदेश के सभी 55 जिलों में काबिल कार्यकर्ताओं को ढूंढने का काम तेज गति से चल रहा है। जिला स्तरीय कोर ग्रुप के जरिए एक्टिव कार्यकर्ताओं का सिलेक्शन किया जा रहा है। प्रदेश भर में ऐसे करीब 10 हजार से ज्यादा पावरफुल नेता आगामी चुनाव में पार्टी की मजबूती के लिए काम करेंगे।

**प्रभारी मंत्रियों और कलेक्टर्स को सीएम के आदेश**-मुख्यमंत्री कार्यालय से सभी प्रभारी मंत्रियों और कलेक्टरों को इसके आदेश जारी किए हैं। इस पूरी प्रोसेस पर बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने मीडिया से कहा कि जो जिस क्षेत्र में काबिलियत होगी, उन विभागों में एक्टिव कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी जाएंगी। सरकार और पार्टी की सहमति पर नियुक्तियां की जाएगी। हर जिले में पावरफुल नेता बनाने की जिम्मेदारी उस क्षेत्र के प्रभारी मंत्रियों को सौंपी गई है। प्रभारी मंत्रियों को स्पष्ट किया हैं कि संगठन से तालमेल बनाकर ऐसे एक्टिव कार्यकर्ताओं की लिस्ट तैयार करेंगे, जो आगामी चुनाव में जमीनी स्तर पर बीजेपी की पकड़ मजबूत बना सकें। बीजेपी के प्लान के तहत करीब प्रत्येक जिले में 31 सरकारी विभागों में नियुक्तियां की जाएगी। हर विभाग में करीब 70 के आसपास समितियां हैं। इस लिहाज से हर जिले में करीब 200 अध्यक्ष और सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी जाना हैं। इस तरह पूरे प्रदेश के 55 जिलों में 10 हजार से ज्यादा पावरफुल नेता बनेंगे।

## मप्र को मिले 6800 नए पुलिस जवान

भोपाल,(निप्र)। मध्य प्रदेश पुलिस भर्ती 2025 के तहत जिला पुलिस बल के कुल 6 हजार 800 पदों का परिणाम जारी हो चुका है। जिनमें 2 हजार 70 महिलाएं चुनी गईं हैं। पुलिस मुख्यालय के अनुसार, मेरिट और प्रायोरिटी के आधार पर सभी पास उम्मीदवारों को उनके जिले बांट दिए गए हैं। अब जल्द ही इन सभी चयनित अभ्यर्थियों को जॉइनिंग लेटर सौंपे जाएंगे। ज्यादातर उम्मीदवारों ने अपने घर के पास वाले जिलों को चुना था। इसलिए अच्छे अंक लाने वालों को उनकी पसंद के जिले पहले मिल गए हैं। अधिकारियों के मुताबिक, नौकरी शुरू होने में अभी करीब 15 दिन का समय लग सकता है। इस दौरान पहले उम्मीदवारों का मेडिकल टेस्ट होगा और फिर पुलिस उनके चरित्र का वेरिफिकेशन करेगी ताकि यह पक्का हो सके कि उन पर कोई आपराधिक मामला तो नहीं है। पुलिस मुख्यालय ने सभी जिलों को एक महीने के अंदर भर्ती की प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं। इस भर्ती में महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत कोटा था। जिसके हिसाब से 2 हजार 380 पद उनके लिए थे। हालांकि, हाई कोर्ट के आदेश के कारण 13 प्रतिशत पदों का रिजल्ट अभी रोक दिया गया है और बाकी पदों के लिए परिणाम घोषित कर दिए गए हैं।

**UJAAS ENERGY LIMITED**

(CIN : L35201MP1999PLC013571)

Regd. Off.: Survey No. 211/1, Opp. Sector C & Metalman, Sanwer Road Industrial Area, Indore-452015 (M.P.) Contact No.: 0731-4673788, E-mail : info@ujaas.com, Website : www.ujaas.com

**Extract of Standalone Audited Financial Results for Quarter and Year Ended as on 31st March, 2026** (Rs. in Lakhs)

| S. No. | PARTICULARS | QUARTER ENDED 31/03/2026 Audited | QUARTER ENDED 31/12/2025 Unaudited | QUARTER ENDED 31/03/2025 Audited | YEAR ENDED 31/03/2026 Audited | YEAR ENDED 31/03/2025 Audited |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Total income from operations | 564.43 | 348.95 | 777.35 | 1663.85 | 2693.51 |
| 2 | Net Profit for the period (before tax & exceptional and / or Extraordinary items) | 52.27 | 19.90 | (189.09) | 482.59 | 1103.27 |
| 3 | Net Profit for the period before tax (after Exceptional and / or Extraordinary items) | 52.27 | 19.90 | (189.09) | 482.59 | 1103.27 |
| 4 | Net Profit for the period (after tax & exceptional items and / or Extraordinary items) | 42.46 | 15.65 | 30.41 | 316.26 | 885.04 |
| `5 | Total Comprehensive Income for the period (Comprising Profit/Loss) For the Period (After Tax) And Other Comprehensive Income (After Tax) | 43.56 | 16.14 | 28.99 | 317.93 | 885.02 |
| 6 | Equity Share Capital (Face value of Re. 1/- each) | 1333.98 | 1333.98 | 1066.27 | 1333.98 | 1066.27 |
| 7 | Other Equity (Reserves) | 7532.56 | 7488.99 | 7482.33 | 7532.56 | 7482.33 |
| 8 | Earnings Per Share (of Re. 1/- each) | | | | | |
| | Basic: | 0.03 | 0.01 | 0.02 | 0.24 | 0.66 |
| | Diluted: | 0.01 | 0.00 | 0.01 | 0.08 | 0.26 |

NOTES : (1) The above is an extract of the detailed format of audited financial results for the Quarter and Financial Year ended 31.03.2026 filed with the stock exchange under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligation and Disclosure Requirements) Regulation, 2015. The full format of the Quarterly financial results is available on the stock exchange websites (**www.bseindia.com** and **www.nseindia.com**) and also hosted on the Company's website at **www.ujaas.com or scan the QR code below**

Place : Indore
Date : 01/05/2026

**For Ujaas Energy Limited**
Sd/-
**Sarvesh Diwan**
Company Secretary and Compliance Officer
ACS No. A70139

C/o/n/v/e/y - Ad.

# जनगणना के प्रथम चरण में होंगे भवन सूचीबद्ध

आष्टा,(निप्र)। भारत सरकार के दिशा-निदेर्शों के तहत राष्ट्रीय जनगणना की प्रक्रिया का प्रथम चरण नगर पालिका में विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया है। इस महत्त्वपूर्ण कार्य का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा के कार्यालय में हुआ, जहां मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं चार्ज अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति तथा पर्यवेक्षक प्रियंका कर्मोदिया ने नपाध्यक्ष श्रीमती मेवाड़ा एवं नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा को पुष्पगुच्छ एवं जनगणना बुकलेट भेंट कर अभियान की शुरूआत की।

**पुष्पगुच्छ भेंट कर किया स्वागत**-कार्यक्रम के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति ने नपाध्यक्ष का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात उन्होंने जनगणना की विस्तृत कार्ययोजना एवं इसके राष्ट्रीय महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान देश के समग्र विकास की आधार शिला है।

**नपाध्यक्ष ने नागरिकों से किया सहयोग का आह्वान**-इस अवसर पर नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर मेवाड़ा ने कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण की एक



महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसके आधार पर विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार की जाती है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि जब प्रगणक उनके घर पहुंचे, तो वे सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराकर इस राष्ट्रीय अभियान में अपना पूर्ण सहयोग दें।

**प्रथम चरण में मकानों का होगा सूचीकरण**-चार्ज अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति ने बताया कि जनगणना के प्रथम चरण में मकानों का सूचीकरण एवं भवन गणना का कार्य किया जाएगा। इसके लिए नगर पालिका द्वारा प्रशिक्षित प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की टीमें गठित कर दी गई हैं, जो घर-घर जाकर आंकड़े एकत्रित करेंगी।

इस दौरान जनगणना लिपिक एवं राजस्व प्रभारी मनीष श्रीवास्तव, सहायक राजस्व निरीक्षक गबू सोनी, प्रगणक सुनील श्रीवास्तव, फील्ड इंजीनियर निर्मल विश्वकर्मा, पूरणसिंह मेवाड़ा, आशीष शर्मा सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद खरगोन जिला खरगोन(मप्र)**

दूरभाष (कोड-07282)231333 फेक्स 21333E-mail:cmokhargone@gmail.com

निविदा सूचना क्रमांक/354/MCK/ ई-टेंडर/2026 खरगोन दिनांक 224-04-2026

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से आनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2026_UAD_503538_1 | निकार्य कार्ययार्थ हेतु पोकलेन मशीन क्रय करने के संबंध में | 90.00 लाख | 1. 10000/- 2. 67500/- | 28.05.2026 5.30 PM |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन आनलाइन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

(छाया जोशी) अध्यक्ष न.पा.परिषद खरगोन
(भोलू कर्मा) उपाध्यक्ष न.पा.परिषद खरगोन
(श्रीमती कविता अरविंद पाटीदार) सभापति स्वच्छता एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबंधन न.पा.परिषद खरगोन
(सुश्री कमला कोल) मुख्य नगर पालिका अधिकारी न.पा.परिषद खरगोन